Exam. Code: 0002
**Sub. Code: 0108**

2071

B.A./B.Sc.(General)-2nd Semester

**Hindi (Elective)**

Time allowed: 3 Hours | Max. Marks: 90

***नोटः— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। उत्तर की भाषा शुद्ध और स्पष्ट होनी चाहिए। अनर्गल विस्तार से संकोच करें।***

-*-*-*-

प्रश्न—1: (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें:—

(i) मैं गोविंद गुण गाणा ।टेक।।
राजा रूठे नगरी राखे, हरिरूठ्या कहे जाणा।
राणै भेज्या जहर पियाला, इमिरत करि पी जाणा।
डबिया में भेज्या ज भुजंगम, सालिगराम करि जाणा।
मीरा तो अब प्रेम दिवाणी, सांवलिया वर पाणा।।

(ii) बादल देख डरी हो श्याम मैं बादल देख डरी।टेक।।
काली पीली घटा ऊमटी, बरस्यो एक घरी।
जित जाऊं तित पाणी पाणी, हुई सब भोम हरी।
जाका पिया परदेश बसत है, भीजूं बाहर खरी।
मीरा के प्रभु हरि अविनासी, कीज्यौं प्रीत खरी।।

(iii) देखन बागु कुअंर दुइ आए। बय किसोर सब भांति सुहाए।
श्याम गौर किमि कहैं बखानी। गिरा अनयन नयन बिनु बानी।।१।।
सुनि हरषी सब सखी सयानी। सिय हिय अति उतकंठा जानी।।
एक कह नृपसुत तेई आली। सुने जे मुनि संग आए काली।।२।।
जिन्ह निज रूप मोहनी डारी। कीन्हे इबस नगर नर नारी।।
बरनत छवि जहं तहं सब लोगू। अबसि देखि अहि देखन जोगू।।३।।

(iv) प्रान पुत्र दोनों बड़ा, चारौ युग परमान।
सो दसरथ दोनों तजे, बचन न दीन्हें जान।
बचन न दीन्हे जान, बड़न की यही बड़ाई।
बचन रहे, सो काज, और सरबस किन जाई।
कहि गिरिधर कबिराय, भये दसरथ नृप ऐसे।
प्राण पुत्र परिहरे बचन परिहरे न तैसे। (2×5)

(ख) मीरा बाई का साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

'लक्ष्मण मूर्छा' को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। (6)

***P.T.O.***

प्रश्न–2: निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें:–

(क) 'झांसी की रानी' उपन्यास की ऐतिहासिकता को स्पष्ट करें।

(ख) 'झांसी की रानी' उपन्यास की विशेषता का उल्लेख करें।

(ग) 'झांसी की रानी' उपन्यास के आधार पर राजा गंगाधर राव का चरित्र स्पष्ट करें।

(घ) 'झांसी की रानी' उपन्यास के पुरुष पात्रों में एक खुदाबख्श पात्र है उसका चरित्र करें। (2×8)

प्रश्न–3: संत काव्य–धारा की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

कृष्ण काव्य–धारा की विशेषताएं लिखिए। (8)

प्रश्न–4: निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस प्रश्नों का उत्तर दें:–

(क) श्री कृष्ण से मीरी अपना क्या सम्बन्ध मानती थी?

(ख) मीरा की भक्ति किस प्रकार की थी?

(ग) तुलसी दास की किन्हीं दो रचनाओं का नाम लिखें।

(घ) सीता किसकी पूजा करने के लिए पुष्पवाटिका में पधारी थी?

(ड.) तुलसीदास की भाषा कौन–कौन सी थी?

(च) गिरिधर की कुंडलियों का मुख्य आधार क्या है?

(छ) गिरिधर की पूरा नाम क्या है?

(ज) गिरिधर कविराय ने किस छंद में काव्य–रचना की है?

(झ) रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास किस लेखक के द्वारा रचित है?

(ञ) रानी के लिए जासूसी का कार्य कौन करता था?

(ट) रानी का अंतिम संस्कार कहाँ किया गया था?

(ठ) भक्तिकाल की काव्य–धाराओं का नाम लिखें।

(ड) राम भक्त किसी एक कवि का नाम लिखें।

(ढ) दो संत भक्त कवियों के नाम लिखिए।

(ण) सन् और संवत् में कितने वर्षों का अन्तर है? (1×10)

प्रश्न–5: उपन्यास के भेदों का वर्णन करें।

**अथवा**

उपन्यास के तत्त्वों का वर्णन करें। (7)

प्रश्न–6: किन्हीं पाँच मुहावरों/लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाएं:–

अन्त पाना, अक्ल का दुश्मन, कान भरना, खाक छानना, एक पंथ दो काज, एक अनार सौ बिमार। (10)

प्रश्न–7: किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें:–

नेता और चुनावी वादे, किसान, कानून और कोहराम, कोरोना का कहर एक गंभीर समस्या। (10)

प्रश्न–8: अपने भाई को पत्र लिखकर अपनी ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन करें।

**अथवा**

अपने जिलाधीश को शिक्षा संस्थानों में होने वाली हड़तालों के विरोध में पत्र लिखें। (8)

प्रश्न–9: किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखिए:–

(i) Modification
(ii) Non-official
(iii) Option
(iv) Original copy
(v) Part-time
(vi) Proposal
(vii) Postpone
(viii) Seal
(ix) State government
(x) Warning (5)

-*-*-*-